मै इस बात का एलान करता हूँ कि मैं परमेश्वर की विश्वसनीयता का अनुभव करूंगा । मैं चिंता नहीं करूंगा । मैं शक नहीं करूंगा । मै अपना विश्वास उस पर करूंगा और दिल ही दिल में यह मानुगा कि कि वह मुझे असफल नहीं होने देगा । मै परमेश्वर के हर वायदे को अपने जीवन में अनुभव करूंगा जो परमेश्वर ने मेरे ह्रदय में डाले है और मै वह बनूगा जो परमेश्वर ने मेरे लिए मुकरर किया है । मै परमेश्वर के आश्चर्यजनक वायदों की परिपूर्णता का अपने जीवन में एलान करता हूँ । मै परमेश्वर की अच्छाई की बहुतायत को अपनी ज़िन्दगी में देखूंगा जो हर तरफ से फैलेगी । मै परमेश्वर की बढती महानता और कृपा का अनुभव करूँगा । वह मुझे मेरे सपनो को साकार करने की क्षमता देंगा ।मेरे जीवन में असाधारण आशिर्वाद आने वाले है । मै यह घोषणा करता हूँ की मेरे जीवन में परमेश्वर की करुणा प्रतिदिन की आवश्यकता के आधार पर होगी । मै शक्ति सामर्थ्य और संकल्प से भरा रहूँगा । जो कुछ भी मुझे बर्दाशत करना पड़ेगा वह मेरी क्षमता के अनुसार होगा ।

मै हर अड़चन के ऊपर उठ जाऊंगा , हर चैलेन्ज को फेस कर सकूँगा और हर मुश्किल में से निकल कर आ सकूँगा" मै इस बात का एलान करता हूँ की मेरेलिए उन बातों को पूरा करने में जो परमेश्वर ने मेरे दिल में डाली है अभी कोई देर नहीं हुई है मैंने अपना अवसर अभी नहीं खोया है , परमेश्वर मेरे जीवन मेंकृपा के क्षणों को ला रहा है । वह मुझे उस विशेष कृपा को पाने के लिए तैयार कर रहा है जिससे मै अपने सपनो को साकार कर सकू। यह मेरा समय और क्षण है और मै इसे अपने लिए स्वीकार करता हूँ" ।

"मै परमेश्वर का उस बात के लिए शुक्रगुजार हूँ जो उसने मेरे लिए किया है । मै उन लोगो, अवसरों और कृपाओ का दुरूपयोग या गलत इस्तेमाल नहीं करूंगा जो उसने मेरे जीवन में उपलब्ध कराई है मै केवल उन्ही बातों को देखूंगा जो सही है न की उन को जो गलत है । मै उसका उस बात के लिए धन्यवाद करूंगा जो मेरे पास है और उसके लिए शिकायत नहीं करूंगा जो नहीं है - मै प्रतिदिन को अपने जीवन में एक उपहार / तोहफा समझकर जीऊगा । मेरा ह्रदय उसकी अच्छाई की प्रशंसा और धन्यवाद से उमडेगा' । मै इस बात का एलान करता हूँ कि परमेश्वर की विश्वसनीयता की नसीहत मुझे मिली है,मै आने वाली पीड़ियो के लिए आशिर्वाद की धरोहर को इकट्ठा करूँगा । मेरा जीवन उत्कृष्टता और विश्वसनीयता से सम्बोधित किया जाता है - क्यूंकि मै सही चुनावो को कर रहा हूँ तथा उन विश्वास के उन कदमो को उठा रहा हूँ जिसका बहुत से लोग अनुसरण करना चाहेंगे । परमेश्वर की बहुतायत मेरे जीवन के इर्द गिर्द है ।"मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि परमेश्वर के पास मेरे जीवन के लिए एक बहुत बड़ी योजना है - वह मेरा मार्गदर्शन कर रहा है बेशक मै यह नहीं समझ पा रहा कि यह कैसे हो रहा है , परन्तु मै यह जानता हूँ कि मेरी परस्थितिया परमेश्वर के लिए कोई आश्चर्य करने का विषय नहीं । वह मेरे जीवन की हर परिस्थिति को मेरी अच्छाई करने के लिए हस्तक्षेप करेगा उसके द्वारा मुकरर समय में सब कुछ ठीक ठाक हो जायेगा ।

मै इस बात का एलान करता हूँ कि मेरे जीवन का सपना साकार होने जा रहा है I उसे लोग नहीं रोक पाएंगे निराशा और मुश्किलें भी Iपरमेश्वर के पास मेरी हर समस्या का समाधान है I सही लोग और सही अवसर मेरे जीवन में आ रहे है I मै अपने जीवन के उदेश्य को पूरा करूंगा I

मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि मेरे जीवन में वह आशिर्वाद आने वाले है जिनकी मैंने आशा भी नहीं की थी - मै प्रतिदिन में कमी से निकलकर आवश्यकता से अधिक के स्तर पर पहुंच जायूँगा - परमेश्वर मेरे लिए अलोकिक / **Supernatural** दरवाजे खोलेगा I वह मेरे बारे में सही लोगो से बातें करेगा I मै परमेश्वर के वचन के अनुसार जो इफिसिओ
३:२० (**Ephesian3:20**) में लिखा है हर वस्तु को बहुतायत ,आवश्यकता से अधिक पाऊंगा और अपने ऊपर कृपा और बढोतरी का अनुभव करूँगा I क्योंकि मै उसका सम्मान करता हूँ उसके आशिर्वाद मेरा पीछा करेंगे और मैं आगे बढ़ता जाऊँगा सही समय पर सही स्थान पर होऊंगा Iलोग मेरे साथ अच्छाई करने के लिए अपने तत्पर होंगे I मेरे चारो तरफ परमेश्वर की कृपा का घेरा बना रहेगा'I"मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि मै विशेष (**Special**/और अनोखा (**Extraordinary**) हूँ, मै साधारण नहीं I मै अपने ही किसम का एक ही हूँ , जो कुछ परमेश्वर ने रचा है उसमे से सबसे उत्तम मै ही हूँ I मै उसका **Masterpiece**(विशेष रचना) मै उसकी सबसे कीमती वस्तु हूँ I मै अपने सर को ऊँचा रखूँगा क्योंकि मै यह जानता हूँ कि मैं दुनिया के सबसे महान परमेश्वर की संतान हूँ I परमेश्वर ने मुझे अपनी छवि में बनाया है'

मै इस बात का एलान करता हूँ कि मै अपने शब्दों का प्रयोग लोगो को आशीष देने के लिए करूंगा मै अपने मित्रो परिवार और सके सम्बन्धियों पर कृपा और विजय की उद्घोषणा करूँगा मै उनको प्रोत्साहन दूंगा उनका होंसला बढ़ाऊगा और उन पर गर्व करूँगा , उनको कहूँगा क तुम महत्वपूर्ण, खुबसूरत और काबिल हो I तुम अपने जीवन में बहुत बड़े कार्य करोंगे I
"मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि मेरे पास स्वस्थ मस्तिष्क है जहाँ अच्छे विचार उत्पन्न होते है, हार और असफलता के विचार नहीं- विश्वास के द्वारा मै प्रवीण हूँ - मै आशीष से भरा हूँ और प्रभावशाली हूँ I मेरे विचार परमेश्वर के वचन के द्वारा मार्गदर्शन पातें है I कोई भी बाधा मुझे रोक नहीं सकती क्योंकि मेरा मस्तिष्क विजय के लिए बना है" I मै इस बात का एलान करता हूँ कि मै एक चंगाई दिलाने वाले और छुटकारा देने वाले परमेश्वर के दास का जीवन बिताऊंगा I मै गिरे हुए को उठाऊंगा - टूटे हुए को जोडूंगा और निरुत्साहित को प्रोत्साहन दूंगा I मेरे अन्दर परमेश्वर की दी हुई करुणा और दया है I मै आश्चर्यकर्मो को केवल अपने लिए ही नहीं ढूढूगा वरन दुसरो के लिए भी ऐसा करूंगा I
मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि अपने विश्वास के पीछे मै कार्यो को महत्व दूंगा I मै परमेश्वर के दिए हुए विचारो को कार्यवन्ति करने क लिए साहस भरे कदम उठाऊंगा - मेरा विश्वास छिपा नहीं रहेगा , बल्कि स्पष्ट नज़र आएगा I मै इस बात को जनता हूँ कि जब परमेश्वर मेरे विश्वास को देखेगा तो वह आश्चर्य कर्म को करेगा और अपनी उपस्थिति को दिखायेगा I "मै इस बात का एलान करता हूँ कि मेरे जीवन में अदभुत सफलता आने वाली है I

मेरे जीवन मे परमेश्वर की अच्छाई का प्रवेश थोडा सा ही नहीं होगा, वरन सामर्थ  की बाढ़ ,चंगाई की बाढ़ ,बुद्धिमानी की बाढ़ और कृपा की बाढ़ के साथ होगा I मै एक अदभुत सफलता को मानने वाला व्यक्ति हूँ और मैंने सफल होने का संकल्प कर लिया है , मै परमेश्वर से यह अपेक्षा कर रहा हूँ कि वह मुझे अपनी अच्छाई से परिपूर्ण कर देगा और अपनी कृपा से आश्चर्यचकित करेंगा ।
मै यह घोषणा करता हूँ कि मै शांत और स्थिर   रहूँगा I मै परिस्थितिया और लोगो से  विचलित नहीं होऊंगा ।
मै हर मुश्किल के ऊपर उठूँगा और यह कहूँगा कि परमेश्वर ने मुझे शांत रहने कि क्षमता दी है । मै अपने जीवन में प्रसन्नचित रहूँगा वहा पर डटा रहूँगा जहा परमेश्वर ने मुझे रखा है और परमेश्वर मेरे युद्ध  को लडेगा ।
मै परमेश्वर की आलोकिक शक्ति और कृपा की घोषणा अपने जीवन में करता हूँ I जो मै अपनी सामर्थ्य से नहीं कर सकूँगा वह परमेश्वर मेरे लिए करेगा I आलोकिक परिस्थितिया , आलोकिक चंगाई , आलोकिक पुननिर्माण और आलोकिक सफलता मेरे मार्ग में आने वाली है I मै प्रतिदिन शक्तिशाली स्वस्थ और बुद्धिमान बनता जा रहा हूँ ।
मै उस निहित अन्तरज्ञान को ढूढ पाऊंगा , जिसे मै जानता नहीं था और मै परमेश्वर के दिए हुए उस सपने को साकार होता देखूंगा ।  मै इस बात का एलान करता हूँ कि मै मनुष्य के जीवन में ताकत लाने वाला हूँ - मै उन अवसरों को ढूढूगा जिससे दुसरे लोग प्रोत्साहित हो और अपने सपनो को साकार कर सके I मै विश्वास और विजय के शब्दों को दुसरो के लिए बोलूँगा जिससे दुसरो को प्रोत्साहन मिले , उनका सम्मान करूंगा और उनको यह महसूस कराऊंगा कि वह मूल्यवान है I मै उनको उनकी महानता को प्राप्त करने में सहायता करूंगा । मैं उनके उत्थान और प्रगति को प्राप्त करने में सहयोग दूंगा I मै केवल विजय और विश्वास के सकारात्मक शब्द अपनी पत्नी , परिवार अपने और भविष्य के बारे में बोलूँगा I

मै अपने शब्दों का प्रयोग परिस्थिति के विवरण के लिए नहीं परिस्थितियों को बदलने में करूँगा I मै परमेश्वर की कृपा , चंगाई और पुननिर्माण के शब्दों को दोहराऊंगा I मै परमेश्वर से यह नहीं कहूँगा कि मेरी समस्या कितनी बड़ी है वरन यह कहूँगा कि बहुत  बड़ा परमेश्वर मेरे साथ है I मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि मै न केवल जिऊंगा ही नहीं  वरन उन्नति करूँगा I मै जीवन की हर दुर्गम परिस्थिति के बावजूद भी सफल होऊंगा I मै यह जनता हूँ की मेरे जीवन का हर मार्ग जो अवरुद्ध  हो गया एक नए मार्ग के खुलने के  लिए है I मै पीछे न रहूँगा , हार नहीं मानूगा अपने सपनो को बीच ही में नहीं छोडूगा और जहा हूँ वहा संतुष्ट नहीं रहूँगा I
मै यह जनता हूँ कि परमेश्वर का एक स्पर्श हर बात को बदल डालेगा I मै आशिर्वाद और सफलता के वर्ष के लिए तैयार हूँ I मै इस बात का एलान करता हूँ कि मै विश्वास को डर से ऊपर मानूंगा I मै उस बात पर मनन करूँगा जो अच्छी है और मेरी परिस्थितियों में उत्तम है मै अपनी शक्ति

का उपयोग चिंता करने में नहीं वरन विश्वास करने में लगाऊंगा I डर का मेरे जीवन में कोई हिस्सा नहीं I मै नकारात्मक (Negative) निरुत्साहित विचारो पर अपना जीवन आधारित नहीं करूंगा - मेरा मस्तिष्क उस पर लगा रहेगा कि परमेश्वर मेरे बारे में क्या कहता है - मै यह जनता हूँ कि उसकी योजनाये मेरे लिए सफलता , विजय और बहुतायत की है I "मै इस बात कि घोषणा करता हूँ कि मै परमेश्वर की योजना के अनुसार मेरे जीवन के कार्य (Assignment) के लिए दक्षता पा रहा हूँ  मेरा अभिषेक और सामर्थ विश्व के निर्माता (परमेश्वर)द्वारा संचालित होता है I हर तरह की बेड़िया, हर तरह की रूकावट मेरे सामने से टूट गयी है और हट गयी है I मै ऊँचा उठूँगा I हर बाधा पर विजय पाउँगा और ऐसी विजय को हासिल करूँगा जो मैंने आज तक कभी नहीं पाई I

"मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि मेरे जीवन में बड़ी बातें घटेंगी - मै साहस से प्राथनाओ को करूंगा और बढ़ी बातो की आशा करूँगा I मै परमेश्वर से उन सपनो को साकार करने के लिए निवेदन करूंगा जो मेरे दिल के भीतर है I अगर कुछ वायदे न साकार हो पाएंगे तो मै डरूंगा नहीं और न ही हिम्मत हारूंगा I मै साहस के साथ प्राथना करूंगा कि वह (परमेश्वर) मेरे जीवन में अपने को शक्तिशाली दिखायेगा क्योंकि वह सर्वशक्तिमान है I मै इस बात का एलान करता हूँ कि परमेश्वर सब कुछ मेरी भलाई के लिए कर रहा है , उसका मेरे जीवन में Master Plan (बड़ी योजना ) है I कुछ ऐसी चीज़े है जो मै समझ आती नहीं परन्तु मुझे चिंता करने की आवश्यकता नहीं I मै यह जानता हूँ कि हर भाग अभी अधूरा है सब कुछ एक दिन पूरा हो जायेगा और हमे तब हर बात की समझ आ जाएगी - मै परमेश्वर की इस योजना को परिपूरण होते देखूंगा जो मैंने सपने में भी नहीं सोचा था" I मै इस बात का एलान करता हूँ कि जो कुछ मेरे जीवन की Vision (दर्शन ) के साथ वारा नहीं खाती परिवर्तन हो जाएगी - बिमारी, मुश्किल , कमी mediocrity अस्थायी तोर से हैं I मै उन बातों के आधार पर आगे नहीं बढूँगा जो मुझे दिखती है , वरन उन बातों के आधार पर जो मुझे मालूम है'- मै एक विजयी योद्धा हूँ न कि शिकार I मै वह बनूगा जिसके लिए परमेश्वर ने मुझे चुना है I मै इस बात का एलान करता हूँ कि मै सर्वशक्तिमान परमेश्वर के आशीर्वादो के साथ चलता हूँ I मै उसकी बुद्धिमानी से परिपूरण हूँ, मै अच्छी बातों को चुनता हूँ और मेरे को सही मार्गदर्शन मिलता है I मै इस बात का एलान करता हूँ कि मेरे अन्दर परमेश्वर से रचना करने की क्षमता , अच्छे विचार , साहस , शक्ति और योग्यता है I मै इस बात का एलान करता हूँ कि मेरे को अच्छे स्वास्थ्य , अच्छे परिवार , अच्छे दोस्त और लम्बी उम्र का आशीर्वाद प्राप्त है I मै इस बात का एलान करता हूँ कि मै उन्नति , सफलता, आज्ञाकारी हृदय और सकारात्मक दृष्टिकोण से आशिषत हूँ I मै इस बात का एलान करता हूँ कि मै जिस किसी काम पर हाथ लगाऊंगा वहां उन्नति होंगी और मै सफल होऊंगा I मै नगर में और खेत में आशीष

पाउँगा , मुझे जाते समय और आते समय आशीष मिलेगी, मै उधार दूंगा वरन मुझे कुछ लेना नहीं पड़ेगा I मै जाते वक्त में ऊपर ही होऊंगा न कि निचे I मै इस बात का एलान करता हूँ कि हर नकारत्मक शब्द हर शाप जो मेरे खिलाफ बोला गया है वह यीशु मसीह के नाम से टूट जाये I मै इस बात का एलान करता हूँ कि वह गलत बात जो मेरी पहले की पीढियों में थी उनका मुझपर कोई असर नहीं पड़ेंगा I मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि आज से एक नई स्वत्तन्त्रता , ख़ुशी और संतुष्टि का अनुभव करूंगा I मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि मै आशीषत हूँ I मै इस बात पर विश्वास करता हूँ कि आत्मिक तोर पर मेरे लिए स्वर्गइत युद्ध कर रहे है I शापो को तोड़ दिया गया है और आशीर्वाद आ रहे है I बाइबल यह कहती है कि जब हम अपने विचारो को परमेश्वर के विचारो के साथ एक कर देते हैं और उसके वायदों को जो उसने अपने विचार बाइबल में दिए है के आधार पर जीवन निर्वाह करना शुरू कर देते हो ,जब हम निरंतर विजय , कृपा , विश्वास , सामर्थ और शक्ति के विचारो पर जो परमेश्वर से है पर निर्भर होने लग जाते है तब हमें कोई भी आगे बढ़ने से नहीं रोक पायेगा --------व्यवस्थाविवरण 31-1